रणजीत टाइम्स

इंदौर


गुरुवार, 3 जुलाई, 2025

वर्ष 01 | अंक 167 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे

# इंदौर के विजेंद्र नाथ जोगी दिखेंगे बड़े पर्दे पर 'उदयपुर फाइल्स' में




राजेश धाकड़

इंदौर। इंदौरवासियों के लिए गर्व की बात है कि शहर के समाजसेवी और हिंदूवादी नेता विजेंद्र नाथ जोगी अब बड़े पर्दे पर नज़र आएंगे। वह जल्द ही रिलीज़ होने जा रही फिल्म 'उदयपुर फाइल्स' में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। यह फिल्म इसी महीने 11 जुलाई को सिनेमाघरों में प्रदर्शित की जाएगी।

'उदयपुर फाइल्स' फिल्म राजस्थान के उदयपुर में हुए बहुचर्चित कन्हैयालाल हत्याकांड पर आधारित है। यह वही मामला है, जिसने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया था। फिल्म का उद्देश्य इस निर्मम हत्याकांड की सच्चाई को सामने लाना और समाज को जागरूक करना है।फिल्म में विजेंद्र नाथ जोगी ने योगी आदित्यनाथ की छवि वाले एक सामाजिक कार्यकर्ता का किरदार निभाया है, जो इस घटना के बाद न्याय की आवाज़ बुलंद करता है।

जोगी बोले: "यह कोई कहानी नहीं, यह सच्चाई है" मीडिया से बातचीत में विजेंद्र नाथ जोगी ने कहा: "यह कोई फिल्मी कहानी नहीं, बल्कि सच्चाई है। हमारे हिंदू समाज पर जो अत्याचार हुआ है, उसे देश और दुनिया के सामने लाना ज़रूरी है। 'उदयपुर फाइल्स' भी 'द केरल स्टोरी' की तरह रिसर्च आधारित फिल्म है,



जो सामाजिक चेतना जगाने का कार्य करेगी।"

इंदौर की भूमिका पर बोले– "अब सिनेमा के ज़रिए भी इंदौर बनेगा पहचान"

इंदौर पर गर्व व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा:

चाहे सफाई हो या राष्ट्रवाद, हमारा इंदौर हमेशा नंबर वन रहा है। अब सिनेमा के ज़रिए भी इंदौर अपनी एक नई पहचान बनाएगा।" फिल्म की शूटिंग उदयपुर, लखनऊ, जौनपुर, वाराणसी और मुंबई जैसे शहरों में की गई है। फिल्म को कई भाषाओं में डब कर देशभर में रिलीज़ किया जाएगा।

कमाई का हिस्सा मिलेगा कन्हैयालाल के परिवार को फिल्म के निर्माता अमित जानी ने घोषणा की है कि फिल्म की कमाई का 25 प्रतिशत हिस्सा कन्हैयालाल के परिवार को दिया जाएगा। विजेंद्र नाथ जोगी ने शहरवासियों से अपील की है कि: इस फिल्म को अधिक से अधिक संख्या में देखें ताकि यह सफल हो और कन्हैयालाल जी को न्याय दिलाने का मार्ग और भी मजबूत हो सके।"

# सहजयोग अंधविश्वासों, आडंबरों व कर्मकांडों से परे ब्रह्मानुभूति का अनुभव है



संपूर्ण ब्रह्मांड की संरचना में दो प्रकार के तत्वों की भूमिका है, जैविक व अजैविक। जो आदिशक्ति के स्वरूप श्री लक्ष्मी व श्री सरस्वती द्वारा संचालित हैं। लक्ष्मी श्री विष्णु की शक्ति हैं तो सरस्वती श्री ब्रह्मा जी की और ब्रह्मा का जन्म विष्णु की नाभि से माना जाता है। लक्ष्मी तत्व पदार्थों के रूप में स्पंदित होता है तो सरस्वती तत्व नाद के रूप में। पदार्थ व शब्द दोनों ही मनुष्य जीवन का अहम हिस्सा हैं परंतु दोनों को ही आदिशक्ति के तीसरे स्वरूप महाकाली ने माया के आवरण में ढका हुआ होता है। पदार्थों का आकर्षण मनुष्य को स्थूल से ऊपर नहीं उठने देता। वहीं शब्दों की माया हमें किसी का प्रिय किसी, का विरोधी सफल या असफल बना देती है। शब्द तीन प्रकार के होते हैं - पहले जिनमें विभिन्न अक्षर प्रमुख होते हैं जो हमारे द्वारा बोले जाते हैं और दूसरे के द्वारा सुने जाते हैं, दूसरे जिन्हें सिर्फ हम सुन पाते हैं और तीसरे हैं मानस जहां वर्ण या क्षर प्रमुख होते हैं। हम अधिकांशतः दूसरी प्रकार के शब्दों के द्वारा छले जाते हैं, इसमें हमारे विचार, योजनाएं, स्मृतियां, लिखना, पढ़ना, आदि शामिल हैं।

हमारे मन में पदार्थों को देखकर जो इच्छाएं जागृत होती हैं वही शब्दों के रूप में प्रकट होती हैं। ज्ञान शब्द नहीं होते, शास्त्र कहते हैं ज्ञान पैदा नहीं होता और ना ही नष्ट किया जा सकता है ज्ञान जन्म से ही हमारे साथ होता है, जैसे-जैसे आत्मा से हमारी दूरी कम होती जाती है, आत्मा अनावरित होती जाती है वैसे वैसे आप को ज्ञान की प्राप्ति होती जाती है। और तब मानस शब्दों की अनुभूति हमें सूक्ष्म शरीर में विभिन्न चक्रों पर वर्णों के रूप में होती है। और ज्ञान की इस अवस्था में वर्णों का यह स्पंदन ब्रह्मांड के नाद से संयुक्त हो जाता है और तब संपूर्ण ब्रह्मांड का रहस्य स्वयं अंतस में प्रकट होने लगता है । जिसे स्वयं का ज्ञान नहीं होता उसके अन्य सांसारिक ज्ञान भी भ्रांतिपूर्ण व अपूर्ण होते हैं। हम सदैव दूसरों के अनुभवों को ज्ञान के रूप में ग्रहण करते रहते हैं परंतु वास्तव में अविष्कारी या वैज्ञानिक वही होता है जो स्वयं का ज्ञान व अनुभव अर्जित करता है। पुस्तकें मार्गदर्शक हो सकती हैं ध्येय नहीं। श्री माताजी निर्मला देवी जी द्वारा प्रतिस्थापित सहजयोग आत्मा के आवरणों से परे ब्रह्मानुभूति का विज्ञान है। जो अंधविश्वासों, कर्मकाण्ड व आडंबरों से परे है। सहजयोग विवेक व बोध के द्वारा क्रिया एवं विचारों से बाहर निकाल कर ध्यान का मार्ग प्रशस्त करता है। और हमें उस ज्ञान व विद्या का साक्षात्कार प्रदान करता है जो हमारे साथ जन्मी है, जो सहज है। सहज योग में हम स्पंदनों की भाषा को समझने लगते हैं जो अधिक शक्तिशाली, तीव्रगामी व वास्तविक होती है। आप अपने किसी दूर बैठे हुए व्यक्ति के बारे में सिर्फ स्पंदनों से जान सकते हैं दूसरों की परेशानियों को ये स्पंदन ठीक कर सकते हैं विभिन्न रोगों का उपचार कर सकते हैं। स्पंदन के इस विज्ञान का अनुभव प्राप्त करने हेतु आप जानकारी निम्न साधनों से पा सकते हैं। टोल फ्री नं – 1800 2700 800 बेवसाइट - sahajayoga.org.in

# मुख्यमंत्री द्वारा दिया सम्मान सफाई मित्रों को किया समर्पित,सभी का किया आभार

दीपक तोमर

मंडलेश्वर। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित नगर परिषद मंडलेश्वर के अध्यक्ष विश्वदीप संतोष मोयदे ने अपना सम्मान सभी सफाई मित्रों कर्मचारियों और नगर के हर नागरिक को समर्पित किया जिन्होने नगर को स्वच्छ सुंदर बनाने में प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग दिया।नगर परिषद कार्यालय में आयोजित समारोह में सफाई कर्मियों को विशेष अतिथि का दर्जा देकर मंचासिन किया गया।यह अदभुद नजारा देख आम नागरिक हर्षित हुआ जब नालिया साफ करने वाले दारोगा मनोहर गोहर,शैलू गोहर और सलीम खान,सी एम ओ और अध्यक्ष के साथ मंच पर बैठे। सभी सफाई कर्मियों को पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर अपने संबोधन में नगर परिषद के अध्यक्ष विश्वदीप संतोष मोयदे ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान में जो प्रदेश स्तर पर हमें सम्मान मिला है,उसके लिए हमारे सफाई मित्रों की कड़ी मेहनत और लगन से किया गया कार्य है।सफाई मित्रों की टीम ने सफाई के लिए जो मेहनत की उसकी तारीफ के लिए शब्द नहीं है।जिस तरह लोग अपने घर आंगन की सफाई करते है उसी तरह हमारे सफाई मित्रों ने काम



किया और नगर को सम्मान दिलाया। यह बड़े गर्व का विषय है कि मध्यप्रदेश के कुल 407 स्थानीय निकायों में 298 नगर परिषदें है।उनमें से मात्र 2 नगर परिषद ही सम्मानित हुई है जिनमें हम भी शामिल है।सी एम ओ संजय रावल ने कहा कि हमारे नगर में जिन पुराने नाली नालों की सफाई की गई वह कार्य बड़ा कठिन था हमारे सफाई मित्रो ने नालियों में अंदर तक उतरकर गाद निकाली वर्षो से चौक पड़ी नालिया साफ की।नर्मदा किनारों पर पड़ी गंदगी साफ की कुए बावड़ियों की सफाई पर भी ध्यान दिया और वृक्षारोपण भी किया। नर्मदा घाट पर अतिक्रमण हटाकर दुकानें सुव्यवस्थित की ।नगर परिषद का टचिंग ग्राउंड हरियाली से भर गया है जहां कचरे के निपटान की आधुनिक सुविधा युक्त यूनिट कार्य कर रही हैं यहां कचरे से खाद भी बनाया जा रहा है।कचरे से प्लास्टिक अलग कर उसके बंडल बनाने के साथ मल जल का शुद्धिकरण कर उससे सिंचाई की जा रही है। स्वच्छता ब्रांड एंबेसेडर यशवंत सिंह तवर ने सफाई मित्रों के सहयोग और समर्पण की सराहना की।इस अवसर पर महिला सफाई कर्मियों का भी सम्मान किया गया।कार्यक्रम को पूर्व विधायक प्रतिनिधि रत्नदीप मोयदे और साबीर पठान ने भी संबोधित किया इस अवसर पर पार्षद अनिल वर्मा पार्षद मुजीब कुरैशी पार्षद इमरान कुरैशी पार्षद प्रतिनिधि जगदीश केवट सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।कार्यक्रम के संचालन नोडल अधिकारी संजय कलोसिया ने किया।

## दिनांकः 2 जुलाई 2025 को, बार_एसोसिएशन_ सदस्य_शपथ_ग्रहण समारोह हुआ,




समारोह में जिसमें तहसील मिलक के माननीय उपजिलाधिकारी श्री आनंद कुमार कनौजिया महोदय जी, तहसीलदार माननीय श्री मानवेन्द्र कुमार शुक्ला महोदय जी, नायाक तहसीलदार अंकित कुमार अवस्थी महोदय जी उपस्थित रहे, और बार एसोसिएशन मिलक के 75 में सदस्य के रूप में शपथ ग्रहण की, #आदरणीय_श्री_विवेक_गंगवार_ जी (एडवोकेट) जी को सदस्य बन जाने पर, मैंने उन्हें राधा कृष्ण की तस्वीर भेंट की और उन्हें बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं!..

# "ऑपरेशन प्रहार" के तहत देवास पुलिस की बड़ी कार्यवाही

संजय प्रेम जोशी

•पुख्ता मुखबिर सूचना के आधार पर देवास पुलिस ने दबिश देकर 117 लीटर अवैध देशी शराब कीमती 48,750/- रुपये एवं 01 चार पहिया वाहन(मारुति इगनीस कार) कीमती करीबन 2 लाख/- रुपये कुल 2.5 लाख रुपये का मश्रुका जप्त कर 01 आरोपी को किया गिरफ्तार।।

संक्षिप्त विवरणः- पुलिस अधीक्षक देवास श्री पुनीत गेहलोद के द्वारा संगठित अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु सम्पूर्ण जिले में "ऑपरेशन प्रहार" प्रारंभ किया गया है जिसके अंतर्गत अवैध शराब संबंधी अपराध में संलिप्त बदमाशों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जा रही है ।




चौकी प्रभारी नेवरी को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई की नदी वाले रास्ते से एक व्यक्ति लाल रंग की मारुति कार में अवैध शराब की तस्करी करने के लिये ग्राम मानकुण्ड की तरफ जा रहा हैं । जिस पर से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक(यातायात) श्री हरनारायण बाथम के मार्गदर्शन में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) बागली सुश्री सृष्टि भार्गव के निर्देशन में थाना प्रभारी हाटपीपल्या श्री दीपक यादव एवं चौकी नेवरी प्रभारी श्री हर्ष चौधरी तत्काल मय फोर्स के मुखबिर द्वारा बताये स्थान नदी वाला रास्ता ग्राम मानकुण्ड के सामने पहुंचे जहां पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर आरोपी महेश पिता सागरमल पाटीदार उम्र 32 साल निवासी ग्राम मानकुण्ड तह.थाना हाटपीपल्या देवास के कब्जे से कुल 117 लीटर देशी शराब कीमती 48,750/- रुपये एवं 01 चार पहिया वाहन (मारुती इगनीस कार) कीमती 2 लाख रुपये कुल 2,48,750/- रुपये का मश्रुका जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना हाटपीपल्या में अपराध क्रमांक 357/25 धारा 34(2) अबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।

गिरफ्तार आरोपी का नामः-

01. महेश पिता सागरमल पाटीदार उम्र 32 साल निवासी ग्राम मानकुण्ड तह.थाना हाटपीपल्या देवास उल्लेखनीय है कि देवास पुलिस द्वारा "ऑपरेशन प्रहार" के तहत 20,46,994/- रूपये की कुल 2837.12 लीटर अवैध शराब,05 चार पहिया वाहन(टवेरा,स्कोडा,स्विफ्ट कार,बोलेरो) कीमत 22 लाख रुपये एवं 08 दो पहिया वाहन(एक्टिवा,मोटरसाईकल,एच एफ डिलक्स) कीमत 3,77,000 रुपये की जप्त की गई।

रणजीत टाइम्स



# "हरियाली महोत्सव" के तहत खरगोन पुलिस ने वृहद स्तर पर किया वृक्षारोपण

**रणजीत टाइम्स**



खरगोन पुलिस उप महानिरीक्षक निमाड रेंज खरगोन सिद्धार्थ बहुगुणा के निर्देशन मे डीआईजी कार्यालय व पुलिस लाइन मे आयोजित किया गया वृक्षारोपण का कार्यक्रम, पुलिस उप महानिरीक्षक निमाड रेंज खरगोन सिद्धार्थ बहुगुणा व पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री धर्मराज मीना के द्वारा "हरियाली महोत्सव" के तहत किया गया वृक्षारोपण, डीआईजी कार्यालय व पुलिस लाइन मे 200 से अधिक पौधों का किया गया रोपण, शासन स्तर पर दिनांक मंगलवार से 07 जुलाई 025 तक "हरियाली महोत्सव" मनाने हेतु निर्देशित किया गया था। प्राप्त निर्देशों के परिपालन मे बुधवार को पुलिस उप महानिरीक्षक निमाड रेंज खरगोन सिद्धार्थ बहुगुणा के निर्देशन मे जिला खरगोन मे डीआईजी कार्यालय व पुलिस लाइन मे वृहद स्तर पर वृक्षारोपण किया गया है। इस "हरियाली महोत्सव" वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान डीआईजी कार्यालय व पुलिस लाइन मे पुलिस उप महानिरीक्षक निमाड रेंज खरगोन सिद्धार्थ बहुगुणा व पुलिस अधीक्षक खरगोन धर्मराज मीना के द्वारा डीआईजी कार्यालय व पुलिस लाइन के स्टाफ के साथ मिलकर लगभग 200 से अधिक पौधों का रोपण किया गया है। आगामी दिनों मे यह अभियान खरगोन पुलिस के द्वारा समस्त थानों, चौकियों व कार्यालयों मे वृहद स्तर पर मनाया जाएगा व आमजन को इस अभियान मे भागीदार बनाने के लिए प्रेरित करेगी उक्त कार्यक्रम मे अति. पुलिस अधीक्षक खरगोन श्रीमति शकुन्तला रुहल, रक्षित निरीक्षक सौरभ कुशवाह, सूबेदार दीपेन्द्र स्वर्णकार, डीआईजी कार्यालय का कार्यालीन स्टाफ व पुलिस लाइन खरगोन का स्टाफ मौजूद रहा।

# धनगर को मिलेगा एनएसएस का राज्य स्तरीय सर्वोच्च पुरस्कार

## सामाजिक कार्यों में उत्कृष्ट योगदान के लिए मध्यप्रदेश शासन करेगा सम्मानित

**रणजीत टाइम्स**



खरगोन प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय, खरगोन के इतिहास में पहली बार राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के स्वयंसेवक सावन धनगर, पिता श्री चंपालाल धनगर को मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा एनएसएस का राज्य स्तरीय सर्वोच्च पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। यह पुरस्कार उन्हें सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया जा रहा है। प्राचार्य डॉ.चौहान ने इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि "सावन धनगर ने शिक्षा, स्वास्थ्य, रक्तदान, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, बाल संरक्षण जैसे कई सामाजिक मुद्दों पर सक्रिय रूप से कार्य किया है। उनके प्रयासों से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का सफल प्रयास हुआ है।

### जिला संगठक अधिकारी डॉ.अवासे ने बताया

डॉ. सुरेश अवासे ने जानकारी दी कि सावन धनगर, महाविद्यालय के इतिहास में पहले स्वयंसेवक हैं जिन्हें यह सर्वोच्च राज्य पुरस्कार मिल रहा है। उन्होंने बताया "यह सम्मान न केवल सावन के लिए बल्कि पूरे खरगोन जिले, महाविद्यालय एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के लिए गर्व का क्षण है। यह पुरस्कार उनकी लगातार सामाजिक गतिविधियों में सहभागिता, समर्पण और सेवा भावना का प्रमाण है।" इस विशेष उपलब्धि पर पूर्व प्राचार्य डॉ. आर.एस. देवड़ा, डॉ. शैल जोशी, डा. सुनैना चौहान , डॉ.वंदन बर्वे,डा. ललिता बर्गे , डॉ. सुभाषराम डावर, डा.राजेंद्र चौहान डॉ.डी.एस. बामनिया डॉ.जे.एल. अकोले, प्रो. ललित भटनिया एवं महिला इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सावित्री भगोरे एवं समस्त महाविद्यालय शिक्षकों ने सावन को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सावन धनगर ने इस सम्मान को प्राप्त करने पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, "मेरे सामाजिक कार्यों को मान्यता देने के लिए मैं मध्यप्रदेश शासन का आभारी हूं। इस उपलब्धि का श्रेय मैं अपने मार्गदर्शक जिला संगठक अधिकारी डॉ. सुरेश अवासे, महाविद्यालय परिवार, मेरे एनएसएस के साथियों, शिक्षकों और माता-पिता को देता हूं। यह पुरस्कार मुझे आगे भी समाज के लिए कार्य करने की प्रेरणा देगा।"

# क्षेत्रीय संचालक इंदौर के द्वारा जिला अस्पताल झाबुआ का निरीक्षण

**रणजीत टाइम्स**




**झाबुआ । क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य इंदौर संभाग इंदौर डॉ. साजी जोसेफ, आरएमएनसीएच सलाहकर इंदौर सुश्री मोनिका मंडलोई के द्वारा जिला अस्पताल झाबुआ का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला अस्पताल झाबुआ के एसएनसीयू, एनआरसी, लेबर रूम, बर्थ वेटिंग रूम का निरीक्षण किया गया।**

डॉ. साजी जोसेफ के द्वारा एसएनसीयू एवं एनआरसी में भर्ती बच्चो की माताओं से चर्चा की व्यवस्थाओं के बारें में जानकारी प्राप्त की एवं आवश्यक सुधार करने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीएस बघेल, प्रभारी सिविल सर्जन एवं आरएमओ डॉ. सावन सिंह चौहान, प्रभारी एसएनसीयू डॉ. आईएस चौहान, प्रभारी पीआईसीयू डॉ. संदीप चोपड़ा, जिला स्वास्थ्य अधिकारी 2 डॉ. देवेंद्र भायाल, स्त्री महिला रोग चिकित्सक डॉ. निधि सिंह, डीपीएम श्री आर आर खन्ना, अस्पताल प्रबंधक श्री अखिलेश बघेल, इंजिनियर श्री रवि भवर एवं सहायक अस्पताल मेनेजर श्री भरत बिलावल उपस्तिथ रहे।

# श्रीमती मंजुबाई ने लाडली बहना योजना की राशि से बेटियों के लिए खरीदी कॉपी-किताब

**रणजीत टाइम्स**



शाजापुर । मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना तहत प्रतिमाह मिलने वाली 1250 रुपए की राशि से श्रीमती मंजुबाई बेटियो के लिए कॉपी-किताब, जूते-मोजे खरीदे। श्रीमती मंजुबाई बताती हैं कि वह आंगनवाड़ी केन्द्र क्रमांक 02 गिरवर शाजापुर की रहने वाली है तथा उनकी तीन बेटिया हैं व पति मेहनत मजदूरी कर घर का पालन पोषण करते है। वह बताती है कि मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के तहत मिलने वाली राशि से उन्हें बहुत लाभ हो रहा है। श्रीमती मंजुबाई ने हर माह मिलने वाले रूपयो को बेटियों की पढ़ाई में लगा रही है तथा प्रतिमाह मिलने वाली राशि को जमा कर अपनी बेटियो के लिए कापी-किताब, जूते-मोजे, बस्ते खरीदकर दिए। श्रीमती मंजुबाई ने अपनी दोनो बेटियों का प्रवेश शासन की आरटीई योजना के तहत प्रायवेट स्कूल में कराया है मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के तहत 1250 रूपये मिलने पर वह प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को बहुत-बहुत धन्यवाद देते हुए आभार प्रकट करती है।

# डॉक्टर्स डे पर मक्सी नगर में सेवाएं दे रहे चिकित्सकों का किया सम्मान

**रणजीत टाइम्स**




मक्सी / लायन्स क्लब द्वारा प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी डॉक्टर्स डे पर मक्सी नगर में सेवाएं दे रहे समस्त चिकित्सकों का सम्मान किया बीस से भी ज्यादा डॉक्टर्स इकट्ठे हुए और ये लायंस क्लब मक्सी के इतिहास में पहली बार इतने सारे डॉक्टर्स का एक साथ सम्मान लायंस क्लब मक्सी ने किया। डॉक्टर्स डे पर नवनियुक्त अध्यक्ष लायन मयंक काबरा ने सभी डॉक्टर्स का स्वागत किया और उनके सम्मान में अध्यक्ष लायन मयंक काबरा सचिव श्रीधर माहेश्वरी, कोषाध्यक्ष हेमंत पटेल, इंटरनेशनल डायरेक्टर (एंडोर्सी) लायक रमेश काबरा, लायन राघवेंद्र सिंह सेंगर, लायन ओम प्रकाश शर्मा , लायन मणिशंकर नागर, लायन शीला पटेल ने मक्सी नगर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ रवि पांडे (बीजेपी जिला अध्यक्ष), डॉ कैलाश ओरिया, डॉ जी सी ओसवाल, डॉ सचिन भंडारी, डॉ अश्विन केलकर, कर्नल डॉ ओ पी श्रीवास्तव, डॉ गोविंद मालवीय, डॉ गोविंद पाटीदार, डॉ मोहनलाल गुर्जर, डॉ महेंद्र डांगर, डॉ सूर्यकांत श्रीवास्तव, फीसिओथेरेपिस्ट अर्जुन धाकड़, डॉ रवि कंट्या, डॉ गजेंद्र जाटव, डॉ साक्षी गेडाम, संतोष भावसार, डॉ एम ए मंसूरी, डॉ नंदिनी पटेल, डॉ नदीम परवेज खान, डॉ सुरेंद्र भड़ाना सहित समस्त चिकित्सकों को हार माला एवं सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में आभार अध्यक्ष मयंक काबरा ने माना

## मंत्रोचार के साथ हुई चातुर्मास कलश स्थापना



**रणजीत टाइम्स**

राणापुर । 2 जुलाई को राणापुर में बड़े ही धूमधाम के साथ अग्रवाल दिगंबर जैन मंदिर के प्रांगण में चातुर्मास स्थापना का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें सकल दिगंबर जैन समाज के साथ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान से कई भक्त मुनिश्री के दर्शन करने राणापुर पहुंचे। आचार्य श्री सुनील सागर जी महाराज के परम शिष्य तपोनिष्ठ श्री सुमंत्र सागर जी महाराज का पावन वर्षा योग राणापुर में हो रहा है उसके निमित 2 जुलाई को चातुर्मास कलश स्थापना ऐव महाराज श्री का 33 वे जन्म दिवस का आयोजन किया गया जिसमें सबसे पहले सुबह मंदिर में अभिषेक पूजन एवं 1008 आदिनाथ भगवान विधान मंडल की पूजा पढ़ाई गई।

नेमिनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया गया

अग्रवाल दिगंबर जैन मंदिर जी में सकल दिगंबर जैन समाज के द्वारा नेमिनाथ भगवान का मोक्ष कल्याण महोत्सव मनाया गया जिसमें दाहोद से पधारे संगीतकार तरुण जी की मधुर वाणी एवं सुमंत्र सागर जी महाराज जी के सानिध्य में मोक्ष कल्याणक महोत्सव के तहत भगवान को लाडू चढ़ाया गए।

मंत्रोचार के साथ कलशों की की गई स्थापना- अग्रवाल मंदिर जी के प्रांगण में चातुर्मास कलश स्थापना का कार्यक्रम सुबह 9:30 बजे प्रारंभ हुआ मंगलाचरण शिल्पा कोडिया के द्वारा किया गया मंगलाचरण में नृत्य अग्रवाल महिला मंडल के द्वारा किया गया, चातुर्मास के निमित्त रखे गए पांच कलश जिसे चातुर्मास निस्थापन के बाद उनके घर पर विराजमान करने का सौभाग्य पांच लाभार्थियों को मिला जिसमें प्रथम कलश की बोली मुकेश कुमार रमेश चंद्र जी अग्रवाल, द्वितीय कलश मोहनलाल जी हंसराज जी अग्रवाल :परिवार, तृतीय कलश पवन कुमार रमेशचंद जी अग्रवाल परिवार, चतुर्थ कलश राधा सागर परिवार, पांचवा कलश राहुल राजेन्द्र डोसी परिवार ने ली। मुनिश्री को पीछी का भेंट करने का लाभ कुसुम जी डूंगरपुर वालों ने लिया, कमंडल भेट करने का लाभ राजेंद्र जी दोषी ऐव जिनवाणी भेट करने का लाभ मनोहर भंडारी परिवार ने लिया।

धारने के पारणे उमड़े भक्त

आज मुनि श्री सुमंत्र सागर जी महाराज के द्वारा धारने का पारणा किया गया जिसका लाभ मोहनलाल जी हंसराज जी अग्रवाल परिवार ने लिया सैकड़ो की संख्या में भक्त मुनिश्री को आहार देने पहुंचे। आपको बता दे कि पूज्य मुनिराज श्री एक वृहद तब कर रहे हैं जिसमें वह 81 दिन के उपवास करेंगे।

मुनि श्री ने व्रत की धारणा लेकर संकल्प लिया- पूज्य गुरुदेव मुनि श्री सुमंत्र सागर जी महाराज के द्वारा अग्रवाल मंदिर में पहुंचे और यहां पर प्रवचन दिए गए इसके पश्चात मुनि श्री के द्वारा भगवान आदिनाथ के समक्ष व्रत का संकल्प लिया और अगले पारणे तक चारों प्रकार के आहार का त्याग किया। मध्यप्रदेश ,राजस्थान,गुजरात, महाराष्ट्र आदि के सैकड़ों श्रावक श्राविकाओं ने पधारकर धर्मलाभ लिया।

## नवीन आपराधिक संहिताओं के 01 वर्ष पूर्ण होने पर पुलिस के द्वारा चलाया गया जन-जागरूकता कार्यक्रम




**रणजीत टाइम्स**

खरगोन । भारतीय दंड व्यवस्था में ऐतिहासिक बदलाव लाने वाली तीनों नवीन आपराधिक संहिताओं के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में दिनांक 01 जुलाई 2025 को खरगोन पुलिस द्वारा जिले के समस्त थानों पर जन-जागरूकता संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक पुलिस अधीक्षक खरगोन धर्मराज मीना के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक खरगोन श्रीमती शकुन्तला रूहल के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आमजन मे नवीन कानून के प्रति जागरूकता एवं आम जन को नवीन कानूनों की विशेषताओ से रूबरू करने के लिए किया गया जिसमे विशेषतः "पीड़ित केंद्रित प्रावधानों" व नागरिकों को उनके विशेष अधिकारों जिसमे अनिवार्य एफआईआर की निःशुल्क प्रति देने, ई-एफआईआर और जीरो एफआईआर की सुविधा व अनुसंधान की प्रगति की जानकारी पीड़ित को देने जैसे विशेषताओ के बारे मे विस्तृत रूप से बताया गया।

## यातायात थाने ने चलाया यातायात जागरूकता अभियान

**यातायात थाना प्रभारी निरीक्षक सोलंकी ने बच्चों को बताए यातायात के नियम**

**अभियान मे बच्चों बिना हेलमेट पहने या बिना लाइसेंस के वाहन न चलाने की दी समझाइश**

**रणजीत टाइम्स**



खरगोन । पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार बढ़ते वाहन दुर्घटनाओ को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस के द्वारा लगातार आम जन को जागरूक किया जा रहा है । इसी क्रम मे पुलिस अधीक्षक खरगोन धर्मराज मीना के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक खरगोन श्रीमती शकुन्तला रूहल के मार्गदर्शन में यातायात जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत आज दिनांक बुधवार को स्थानीय बाल विनय मंदिर हायर सेकेण्डरी स्कूल जैतापुर के 100 बच्चों एवं स्कूल स्टॉफ को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया तथा समस्त बच्चों को यातायात जागरूकता संबंधित पम्पलेट्स बाटे गए तथा मौजूद बच्चों को वाहन चलाते समय हेलमेट तथा सीटबेल्ट पहनने, बिना लाइसेंस के वाहन न चलाने, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी न बिठाने, ट्रैफिक सिग्नल का पालन करने, ओवर स्पीडिंग न करने आदि नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया गया एवं उनके परिजनों को भी समझाईश देने हेतू बताया गया जिससे कि वाहन दुर्घटनाओ मे कमी आ सके। उक्त जागरूकता अभियान के दौरान यातायात थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश सोलंकी तथा बाल विनय स्कूल डायरेक्टर उज्वल अत्रे एवं प्रआर. 705 मोहन बर्फा, आरक्षक 03 सुनिल थाना यातायात खरगोन से मौजूद रहे ।

# सिद्ध क्षेत्र गिरनार की पांच वी टोंक पर निर्वाण लाडू चढ़ाएं

रणजीत टाइम्स

इंदौर। आज जैन तीर्थंकर 1008 श्री नेमिनाथ भगवान के निर्वाण कल्याणक दिवस पर गुजरात स्थित सिद्ध क्षेत्र गिरनार जी पर विश्व जैन संघटन के राष्ट्रीय अध्यक्ष के आहवान पर पूरे देशके हजारो जैन धर्मावलंबी ने श्रद्धापूर्वक पहाड पर जाकर नेमिनाथ भगवान के चरण कमल की वंदना कर निर्वाण लाडू चढाया, धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि इन्दौर शहर से भी बस एंव ट्रेन के माध्यम से 600 से अधिक सैकडो की संख्या में समाजजनो ने सहभागिता कर भगवान नेमीनाथ की पावन मोक्ष स्थली पाचवी टोक पर इंदौर नगर के वीर महेन्द्र जैन व समाज साथियो ने मिलकर बड़े ही भक्ति भाव से निर्वाण लाडू चढाया व जैन ध्वजा पंचरगी फहराई |विश्व जैन संगटन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय जी एंव रूचि जी मंयक जैन व समाजजन ने पूरे देश मे घूम घूमकर 2200 किमी की पदयात्रा के माध्यम से समाज में जागरूकता का परिणाम ही है कि आज हजारो की संख्या में समाजजन सामुहिक रूप से आज तीर्थ क्षेत्र गिरनार पहाड की बहुत ही भक्ति भाव से वंदना की |



# जनसुनवाई में प्राप्त पेंशन प्रकरण में तत्काल कार्यवाही हेतु संबंधित पीसीओ व शाखा प्रभारी को निर्देशित किया

रणजीत टाइम्स




झाबुआ । कलेक्टर नेहा मीना ने सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग अंतर्गत दिव्यांगजन/वृद्धजन/विधवा हितग्राहियों को पेंशन योजना का लाभ दिए जाने हेतु ग्राम पंचायत लंबेला एवं ग्राम पंचायत पिटोलबड़ी से जनसुवाई में अधिक आवेदन आने पर दोनों ग्राम पंचायतों में सर्वे कराये जाने और हितग्राहियों को शत प्रतिशत लाभान्वित करने निर्देशित किया गया। कलेक्टर नेहा मीना के निर्देशों के परिपालन में 2 जुलाई 2025 को जनपत पंचायद राणापुर अंतर्गत ग्राम पंचायत लंबेला में उप संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग श्री पंकज सांवले द्वारा निरीक्षण किया गया एवं हितग्राहियों से चर्चा की गई। जनसुनवाई में कलेक्टर के समक्ष दिव्यांग पेंशन और विधवा पेंशन से संबंधित प्रकरण आए थे।

ग्राम पंचायत लंबेला में लगभग 5600 जनसंख्या में से 150 हितग्राहियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्राप्त हो रही है। जनसुनवाई में प्राप्त पेंशन प्रकरण में तत्काल कार्यवाही हेतु संबंधित पीसीओ व शाखा प्रभारी को निर्देशित किया गया साथ ही लंबेला अंतर्गत विभागीय पेंशन योजना में पात्र हितग्राहियों का घर-घर जा कर चिन्हांकन सर्वे करवाने हेतु कहा गया तथा जन सुनवाई में आए प्रकरणों को हितग्राहियों को विभागीय पेंशन का लाभ देने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान सरपंच श्री बाबू सिंह, समग्र अधिकारी प्रियंक पाटीदार एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग अंतर्गत पेंशन आवेदन की प्रक्रिया संचालनालय सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण के निर्देशानुसार बीपीएल/ निराश्रित वृद्धजन, दिव्यांगजन, विधवा महिला, मानसिक रूप से कमजोर हितग्राहियों को 600 प्रति माह देने का प्रावधान है। जिले में यदि किसी हितग्राहियों को पेंशन का लाभ नहीं मिल रहा है तो संबंधित ग्राम पंचायत/ जनपद पंचायत/नगरीय निकाय में जा कर आवेदन कर सकते है और अधिक जानकारी के लिए कार्यालयीन समय में जिला कार्यालय सामाजिक न्याय विभाग में आवेदन कर सकते है

# अवैध फायर आर्म्स की तस्करी के विरुद्ध पुलिस की एक और बड़ी कार्यवाही

रणजीत टाइम्स

खरगोन । वरिष्ठ अधिकारियों से प्राप्त निर्देशों के परिपालन में पुलिस अधीक्षक खरगोन धर्मराज मीना व अति. पुलिस अधीक्षक खरगोन श्रीमति शकुन्तला रुहल के द्वारा जिला खरगोन के समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस व थाना प्रभारियों को मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर अवैध फायर आर्म्स पर पैनी निगाह रखने एवं अवैध फायर आर्म्स के नेटवर्क को चिन्हित कर उसे धवस्त कर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था । इसी क्रम मे थाना गोगावां व बेड़िया थाने की पुलिस टीम ने संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए पुंजाब से अवैध हथियार की खरीद फरोक्त करते 02 आरोपी को गिरफ्तार कर कार्यवाही की गई है ।

घटना का संक्षिप्त विवरण –

मंगलवार को थाना प्रभारी बेड़िया उनि धर्मेन्द्र यादव को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि, बाहार से आए हुए 02 व्यक्ति ग्राम सिग्नूर से अवैध हथियार खरीदकर ग्राम रेहगाँव के पास सगुर भगुर रोड़ पर निकले है । मुखबिर की सूचना पर तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया जिनके निर्देशन मे पुलिस थाना गोगावां व थाना बेड़िया की संयुक्त पुलिस टीम का गठन कर मुखबिर की सूचना से टीम को अवगत करवाकर तत्काल मुखबिर के बताए स्थान पर रवाना किया गया। पुलिस टीम के द्वारा मुखबिर के बताए स्थान पर पहुँचकर सगुर-भगुर रोड़ पर मुखबिर के बताए हुलिये के व्यक्तियों की तलाश के दौरान पुलिस टीम को 02 व्यक्ति पैदल-पैदल आते दिखाई दिए जिन्हे पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी कर पकड़ा । पकड़ मे आए व्यक्तियों से उनका नाम पता पूछने पर उन्होंने अपने नाम करण निवासी मजिठा अमृतसर पंजाब एवं गुरुशरण सिंह निवासी अमृतसर पंजाब का होना बताया। पुलिस टीम के द्वारा करण के पास मिले बैग को चेक करने पर उसमे 03 देशी पिस्टल मिली व गुरुशरण सिंह के पास 01 देशी पिस्टल व 02 नग जिंदा कारतूस मिले । पुलिस टीम के द्वारा करण निवासी मजिठा अमृतसर पंजाब एवं गुरुशरण सिंह निवासी अमृतसर पंजाब से पिस्टल एवं कारतूस रखने के संबंध मे लाइसेंस या दस्तावेज का पूछने पर उन्होंने कोई लाइसेंस या दस्तावेज नहीं होना बताया। पुलिस टीम ने आरोपी करण निवासी मजिठा अमृतसर पंजाब एवं गुरुशरण सिंह निवासी अमृतसर पंजाब को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से कुल 04 नग देशी पिस्टल एवं 02 नग कारतूस कीमती लगभग 1,00,000/- रुपये को नियमानुसार विधिवत जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध थाना गोगावां पर अपराध क्रमांक 259/2025 धारा 25(1)(a) आर्म्स एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया है । गिरफ़्तारशुदा आरोपी को माननीय न्यायालय पेश किया जा रहा है ।



पुलिस टीम- उक्त की गई कार्यवाही मे एसडीओपी भीकनगाँव राकेश आर्य के मार्गदर्शन मे पुलिस थाना टीम गोगावां-थाना प्रभारी गोगांवा श्री मंशाराम रोमडे, उनि रितेश तायडे, प्रआर 764 मनमोहन, आर.1009 जितेन्द्र, आर. 943 विशाल एवं पुलिस थाना टीम बेड़िया से-थाना प्रभारी बेड़िया उनि धर्मेन्द्र यादव, प्रआर. 420 महिपाल, आर. 850 राजीव गुर्जर, आर. 1050 अखिलेश सिंह, आर. 429 सरदार निगम, आर. 947 संतोष बामनिया, आर. 643 कैलाश सागरीय का विशेष योगदान रहा ।

# आध्यात्मिक चातुर्मास हेतु आचार्य श्री का होगा मंगल प्रवेश

रणजीत टाइम्स



चापड़ा।मालव विभूषण पूज्यपाद आचार्य भगवंत श्रीमद्विजय वीररत्नसूरीश्वरजी महाराजा के शिष्यरत्न तपोनिष्ठ तपस्वीरत्न पूज्य आचार्यदेव श्रीमद् विजय पद्मभूषणरत्न सूरीश्वर जी महाराज साहब, पंन्यास प्रवर श्री ऋषभरत्नविजयजी म.सा, मुनिराज श्रीभावरत्नविजय मुनिराज श्रीशौर्यरत्नविजय तथा साध्वी जी भगवान श्री विजयप्रभा श्रीजी साध्वी जी भगवान श्री भक्ति रेखा श्रीजी आदि साधु साध्वी का शुभागमन कल दिनांक 4 जुलाई को श्री शिवपुर महातीर्थ पर प्रातः 8:30 बजे तीर्थ द्वार से श्री त्रिभुवनभानु पार्श्वनाथ जिनमंदिर में होगा । प्रवेश के पश्चात् पूज्य गुरुदेव श्री के प्रवचन होंगे तत्पश्चात् साधार्मिक भक्ति एवं नवकारसी होगी वर्तमान में शिवपुर मातमोर महातीर्थ में मालव विभूषण पूज्य आचार्य देव श्रीमद् विजय वीररत्नसूरीश्वर जी महाराज के द्वारा साधना एवं उपासना के माध्यम से ऊर्जावान् किया गया है ऐसी तीर्थ भूमि पर वर्षो के बाद पूज्य श्री के शिष्यरत्न का आध्यात्मिक चातुर्मास होने जा रहा है तीर्थ भूमि में 9 जुलाई से विभिन्न क्षेत्रों से पधारे हुए श्रद्धालु के द्वारा चतुर्मासिक आराधना की जाएगी। प्रतिदिन 10 से 11:00 बजे तक प्रवचन श्रवण होंगे//

# जैन सोश्यल ग्रुप द्वारा डॉक्टर्स एवं सीए दिवस मनाया गया




**रणजीत टाइम्स**

नागदा ज । जैन सोश्यल ग्रुप नागदा द्वारा जवाहर मार्ग स्थित महावीर भवन में सौम्य एवं स्नेहिल वातावरण में हर्ष और उल्लास के साथ डॉक्टर्स एवं सीए दिवस मनाया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्रुप अध्यक्ष धर्मेन्द्र बंम ने की । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की भूमिका में जैन सोश्यल ग्रुप नागदा के समस्त पूर्व अध्यक्ष ने निभाई । स्वागत उद्बोधन धर्मेन्द्र बंम ने दिया । कार्यक्रम को मुख्य अतिथियों , डॉक्टर्स एवं चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ने भी सम्बंधित किया । कार्यक्रम का संचालन सचिव प्रशांत नाहर ने किया एवं आभार पंकज पावेचा ने माना । समारोह में पेन का वितरण डॉ अरुण जैन ने किया । आयोजन के दौरान बारह डॉक्टर्स एवं तेरह चार्टर्ड एकाउंटेंट्स का बहुमान किया गया । डॉ अरुण जैन, डॉ सुषमा जैन, डॉ दीपक जैन, डॉ सुभाष जैन, डॉ अमित नवलखा, डॉ नेहा नवलखा, डॉ रीति भण्डारी, डॉ नितिशा वागरेचा, डॉ श्रुति मुरडिया, डॉ रंगोली जैन, डॉ अंकिता जैन, डॉ करिश्मा दलाल, सीए अनिल जैन, कमलनयन चपलोत, अनमोल जैन, निलेश हिंगड़, मयंक जैन कांकरिया, आदित्य मेहता, अर्पित सिसौदिया, पूजा धाकड़, प्रतिक्षा दलाल, पलक जैन, आकांक्षा बाफना, मनीष जैन ग्रेसिम एवं श्रेयांस व्होरा को उनकी सेवाओं के लिए ग्रुप द्वारा सम्मानित किया गया । इस अवसर पर ट्रस्ट अध्यक्ष रवि कांठेड़, रीजन उपाध्यक्ष शरद जैन, राजेन्द्र कांठेड़, एस एम सिसौदिया, अरविंद नाहर, सुभाष बाफना, कमल जैन, दिलिप कांठेड़, श्रेणिक बम , मनीष चपलोत, हितेष कांठेड़, रविन्द्र संघवी, सिद्धार्थ कांठेड़, अंकुर जैन, आशीष पोखरना, पंकज मारू, सुरेश जैन (एडव्होकेट) , राजेश सकलेचा, सुधांशु जैन, प्रथम कांठेड़, आनंद कांठेड़, सचिन सकलेचा, जितेंद्र पोखरना, नितिन बुडावनवाला, शर्मिला बंम, साधना जैन, मनीषा गांग, सलोनी वागरेचा ,सरिता सकलेचा आदि अनेक ग्रुप सदस्य उपस्थित थे ।

# विंध्य क्षेत्र की पारेषण व्यवस्था हुई और सुदृढ़



**रणजीत टाइम्स**

एमपी ट्रांसको ने नागौद सबस्टेशन में स्थापित की डबल एक्स्ट्रा हाईटेंशन सप्लाई सुविधा अंतिम युद्ध - राजेश शर्मा भोपाल। मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम पी ट्रांसको) ने विंध्य क्षेत्र में विद्युत पारेषण व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण और विश्वसनीयता के लिए सतना जिले में स्थित 132 के.व्ही. सबस्टेशन नागौद को अब डबल एक्स्ट्रा हाईटेंशन सप्लाई से जोड़ा गया है। यह सबस्टेशन अब वैकल्पिक व्यवस्था के साथ दोहरी आपूर्ति प्रणाली पर कार्य करेगा। मध्यप्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि पूर्व में यह सबस्टेशन एक रेडियल सबस्टेशन के रूप में क्रियाशील था, जहां से 132 के.व्ही. की विद्युत आपूर्ति केवल 220 के.व्ही. सिलपरा (सतना) सबस्टेशन से प्राप्त होती थी।

441 लाख रुपए से हुआ विस्तार--

क्षेत्र में अधिक विश्वसनीय, गुणवत्तापूर्ण एवं सतत विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) द्वारा 441 लाख रुपये की अनुमानित लागत से देवेन्द्र नगर से एक्स्ट्रा हाईटेंशन लाइन अब नागौद तक विस्तारित की गई है। इसके परिणामस्वरूप अब किसी एक सर्किट में शटडाउन या ब्रेकडाउन की स्थिति में भी उपभोक्ताओं को विद्युत बाधा का सामना नहीं करना पड़ेगा। इन क्षेत्रों को मिलेगा लाभ एम.पी. ट्रांसको के मुख्य अभियंता श्री राजेश द्विवेदी के अनुसार यह व्यवस्था, 132 के.व्ही. नागौद–देवेंद्रनगर (पन्ना) 27.6 किलोमीटर और 132के व्ही नागौद -सतना 18.9 किलोमीटर लाइन के सर्किट को 'लाइन इन–लाइन आउट' (लिलो) कर नागौद से जोड़े जाने से संभव हो सकी है। इस नई व्यवस्था से देवेंद्रनगर, वसुधा, रहिकवाड़ा, नागौद, सिंहपुर, जसो, कटन और स्लेहा क्षेत्र के 42,000 से अधिक विद्युत उपभोक्ता लाभान्वित होंगे।

# डॉक्टर्स डे पर लायंस क्लब ने किया सेवा भावी डॉक्टरों का सम्मान

## डॉक्टरों का सम्मान तो चिकित्सालय को दीवार घड़ी भेट की

**रणजीत टाइम्स**

पेटलावद। नेशनल डॉक्टर्स डे के अवसर पर लायंस क्लब पेटलावद सेंट्रल ने अपने नए कार्यकाल की शुरुआत करते हुए सर्वप्रथम शासकीय सिविल चिकित्सालय में पहुंचकर डॉक्टरों का सम्मान किया। क्लब ने डॉक्टर टीम से केक कटवाकर आज के दिन की बधाई दी। क्लब ने डॉक्टरों को स्मृति चिन्ह के साथ चिकित्सालय को दीवार घड़ी भी भेट की।

मुख्य अतिथि के रूप में सीबीएमओ डॉ एमएल चोपड़ा, वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर जीएस चोयल, डॉ उर्मिला चोयल, झोंन चेयरमेन निलेश पालीवाल, क्लब अध्यक्ष गजेंद्र काग विशेष रूप से मौजूद थे। लायंस क्लब ने चिकित्सा क्षेत्र अमूल्य योगदान एवं इसके अतिरिक्त प्रतिदिन 24 घंटे पीड़ित मानवता की सेवा में देने वाले चिकित्सीय सेवा देने वाले डॉक्टरों का सम्मान किया। इसके साथ ही लायन सदस्यों ने डॉक्टर्स डे को डॉक्टरों को मिठाई




खिलाकर व केक काटकर सेलिब्रेशन कर मनाया। इस अवसर पर स्वागत भाषण लायंस क्लब पेटलावद सेंट्रल के अध्यक्ष लायन गजेंद्र काग ने दिया।

डॉक्टर जीएस चोयल ने कहा डॉक्टर बनाना हमारे लिए सौभाग्य की बात है पहला कर्तव्य हर डॉ का सेवा होता है दूसरा उससे अर्थ की ओर जाता है। महिला चिकित्सक डॉ उर्मिला चोयल ने कहा हमेशा यही प्रयास करते हैं की मरीज की जान बचा ली जाए, वो जल्द से जल्द स्वस्थ होकर अपने घर, परिवार में लौटे। इसमें डॉक्टरी सेवा करने वाले डॉक्टर किसी भी प्रकार की कोताही कभी नहीं बरतते हैं। बीएमओ एमएल चौपड़ा ने कहा डॉक्टर्स अपना कार्य ईमानदारी से तो करते ही है लेकिन इसी बीच लायंस जैसी स्वयं सेवी संस्थाएं विभिन्न अवसरों पर डॉक्टर को सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाती है। इस अवसर पर सीबीएमओ डॉ एम.एल चोपड़ा, डॉ जी.एस. चोयल, डॉ उर्मिला चोयल, डॉ नरसिंह डाबी, डॉ कमलेश भगोरा, डॉ देवेंद्र, डॉ पंकज पाटीदार, डॉ अंतिम सोलंकी का सम्मान किया गया। संचालन सचिव लायन विकास चौहान ने किया। आभार डॉ एनएस डाबी ने माना। ध्वज वंदना लायन कोषाध्यक्ष दिलीप राठौड़ ने प्रस्तुत की। लायंस क्लब पेटलावद सेंट्रल की ओर से प्रबोध मोदी, महेंद्र मेहता, पवन भंडारी, निलेशसिंह कुशवाह, आलोक चौहान, नीलेश भट्ट, हरिओम पाटीदार, लायन चिंतन मंडलोई, अनुराग गौड़, रजनीकांत शुक्ला, राकेश मांडोत, रोहित पाटीदार, राहुल पाटीदार, पवन चौहान, मनोज जानी मौजूद रहे। लायन सदस्यों ने पेटलावद के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ एसके महाजन का भी स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान किया।

# नए आपराधिक कानून की प्रथम वर्षगांठ पर, इंदौर पुलिस पहुँची लार्ड शिवा एकेडमी स्कूल के स्टूडेंट्स के बीच

**रणजीत टाइम्स**

इंदौर। भारत सरकार के निर्देशानुसार आगामी 1 जुलाई 2024 से नवीन आपराधिक कानून 2023 लागू हो गए है और पुलिस तदनुसार बेहतर पुलिसिंग के लिए कार्यवाही भी कर रही है। इंदौर पुलिस के समस्त अधिकारी/कर्मचारी भी पूरी तरह से प्रशिक्षित होकर कार्यवाही कर रहे है तथा आमजन को भी इस संबंध में जागरूक कर रहे है। इसी को ध्यान में रखते हुए पुलिस को प्रशिक्षण कार्यशालाएं व आम जनता में भी इसका प्रचार प्रसार हेतु कार्यवाही के दिशा-निर्देश दिये गये है। पुलिस के उप निरीक्षक शिवम ठक्कर व सउनि गयेन्द्र यादव व टीम द्वारा लॉर्ड शिवा एकैडमी कुशवाह नगर बाणगंगा पहुचंकर स्टूडेंट्स को नवीन आपराधिक कानूनों के विभिन्न प्रावधानों के बारें में विस्तृत




रूप से जानकारी दी।

पुलिस टीम ने सभी को बताया कि तीनों नवीन कानून - भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम आम जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए बनाये गए है। इसमें महिलाओं व बच्चों से संबंधित अपराधों में पीड़ितों की समस्याओं को केंद्र में रखकर, अपराधियों के लिए और कड़ी सजा आदि पर ध्यान दिया गया है। कही पर भी घटना होने पर परिस्थिति वश कही पर भी FIR की सुविधा तथा E-FIR का भी प्रावधान है ।

पुलिस टीम ने उन्हें नए व पुराने कानूनों के तुल्नात्मक चार्ट और प्रावधानों को पीपीटी व पोस्टर आदि के माध्यम से समझाया और उन्हें कहा कि अपने माता-पिता व पेरेंट्स को भी नए कानून के बारे में बताएं। उक्त नए कानून के एक वर्ष पूर्ण होने पर, पुलिस टीम ने बच्चों के साथ केक काटकर पूरे हर्षोल्लास के साथ नए कानून की प्रथम वर्षगांठ मनाई। इसके साथ ही टीम ने पुलिस कमिश्नर कार्यालय में आयोजित इंदौर पुलिस के अधिकारियों के विदाई समारोह में पहुँच सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों व उनके परिजनों को भी नए कानून के विभिन्न प्रावधानों से अवगत करवाया।

# गार्ड के साथ मार-पीट कर बंदूक छीनने वाली घटना का पर्दाफाश



**रणजीत टाइम्स**

इंदौर, । पुलिस उपायुक्त , जोन-02, हंसराज सिंह ,ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोन-02, अमरेन्द्र सिंह एवं सहायक पुलिस आयुक्त खजराना कुन्दन मण्डलोई के द्वारा लूट-पाट एवं संपत्ति संबंधी अपराधों में त्वरित पताशाजी एवं सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया है। इसी तारतम्य मे फरियादी बृजमोहन धाकड पिता देवी राम धाकड नि. 373 इदरीश नगर मूसाखेडी आजाद नगर इंदौर (ब्लैक हॉर्नेट कंपनी में गार्ड) द्वारा को रिपोर्ट किया की रात करीव 09.45 बजे मै अपने घर से अपनी मोटरसाईकिल क्र. से अपनी 12 बोर की एक नाली बंदूक के साथ गार्ड की नौकरी हेतु पाकीजा ग्रीन जा रहा था। जैसे ही मै 10.00 बजे करीव रेवेन्यू नगर गार्डन के कोने पर पहुंचा तभी मेरे पीछे से एक सफेद स्कूटी व एक मोटरसाईकिल दोनो पर सवार 04 लडके पीछे से आये और मेरी मोटरसाईकिल मे उनमे से मुझे गिराने के लिए लात मारी मेरी गाडी लहराते हुए बाल बाल गिरने से बचा तभी फिर आगे जाकर उन बदमाशो मे से एक ने मेरे हाथ से मेरी बंदूक छीन ली रिपोर्ट पर थाना तिलक नगर पर अपराध कायम कर विवेचना मे लिया गया । सीसीटीवी फुटेज एवं मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपियों की पतारसी की गई एवं लूट करने वाले 04 अपचारी को गिरफ्तार किया गया चारों रामा बाई नगर के रहने वाले है। आरोपिगन को भविष्य लूट-पाट करने के लिए बंदूक की जरूरत होने से की थी गार्ड से बंदूक की लूट की घटना ।

कार्रवाई के दौरान 02 अपचारीयों के पिता सोहन भीमराडे एवं जीवा राठौर एवं 02 अपचारीयों की मां सपना एवं वैशाली को थाने तलब किया गया एवं भविष्य में उनके द्वारा अपराध नहीं किए जाने के संबंध में समझाइए दी गई और यदि उनके द्वारा अपराध किया जाता है तो परिजनों पर भी कार्रवाई की हिदायत दी गई है साथ ही अपचारियों के परिजनों को प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर बाउंड ओवर कराया जाएगा एवं गार्ड को हुई आर्थिक क्षति की भरपाई भी परिजनों से करवाई जाएगी

जप्त - 12 बोर की 01 बंदूक

घटना मे उपयोग की गई मोटरसाइकिल

पुलिस टीम - उक्त कार्यवाही में निरी. मनीष लोधा, उनि नवीन पाठक , उ नि सुरेंद्र मिंज, प्र.आर. रोशन यादव, भोला यादव, मुजफ्फर एवं अंबिका पटेल की सराहनीय भूमिका रही।

# आपराधिक गतिविधियों में लिप्त शातिर बदमाशों के विरुद्ध पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर द्वारा प्रतिबंधात्मक आदेश जारी..

**रणजीत टाइम्स**

03 कुख्यात बदमाशों को जिलाबदर कर, किया गया इंदौर व सीमावर्ती जिलों की राजस्व सीमा से निष्कासित।

02 अन्य बदमाशों के विरुद्ध निर्बन्धन आदेश जारी कर, थाना हाजरी होने के लिए किया गया पाबंद।

बदमाश आदतन अपराधी है, जिनके विरुध्द पूर्व से पंजीबध्द है- विभिन्न धाराओं के कई गंभीर अपराध।

अंतिम युद्ध- संजय वर्मा

इंदौर । नगरीय क्षेत्र मे अपराध व अपराधियों पर नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस आयुक्त नगरीय इन्दौर श्री संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देशन में इंदौर पुलिस द्वारा सक्रिय गुंडे बदमाशों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में पुलिस आयुक्त द्वारा संबंधित जोन के पुलिस अधिकारियों से प्राप्त प्रतिवेदन पर कार्यवाही करते हुए 03 कुख्यात बदमाशों को जिलाबदर किया जाकर, अन्य 02 शातिर बदमाशो को थाना हाजरी के लिए निर्बन्धन आदेश जारी किया है।

आदतन बदमाश जो कि आपराधिक प्रवृत्ति के होकर उनके द्वारा क्षेत्र में लगातार आपराधिक गतिविधियों को अंजाम दिया जा रहा था जिसमे-

आरोपी 1. अनीष उर्फ जोजो पिता साबिर खान उम्र 30 साल निवासी नंदन नगर एन सेक्टर मदीना मस्जिद के पास, थाना चंदन नगर इंदौर (झगड़ा मारपीट, अवैध वसूली, जान से मारने की धमकी, अवैध हथियार रखने, जहरीली शराब बेचने, डकैती की योजना बनाने आदि विभिन्न धाराओं के कई अपराध)

2. सूरज उर्फ रोहित पिता मुन्नालाल जगधने उम्र 25 वर्ष निवासी टापू नगर थाना परदेशीपुरा इंदौर (झगड़ा मारपीट, अवैध वसूली, जान से मारने की धमकी, अवैध हथियार रखने, अवैध शराब बेचना, हत्या, हत्या का प्रयास आदि विभिन्न धाराओं के कई अपराध)

3. साहिल पिता राजेश सावे उम्र 22 वर्ष निवासी राजेन्द्र नगर हाल मुकाम सुखनिवास थाना राजेन्द्र नगर इंदौर (झगड़ा मारपीट, जान से मारने की धमकी, अवैध हथियार रखने, छेड़छाड़ करना, चाकूबाजी करना आदि विभिन्न धाराओं के कई अपराध)

इन अपराधियों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के कई अपराध शहर के थानों में पंजीबद्ध है। बदमाशों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही के उपरांत भी इनके द्वारा लगातार अपराध कारित कर आम लोगो की शांति भंग कर क्षेत्र की लोक व्यवस्था भंग की जा रही थी। उक्त बदमाशो की आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु बदमाशों के विरुद्ध म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के अंतर्गत कार्यवाही हेतु इनके प्रकरणों के प्रतिवेदन को श्रीमान पुलिस आयुक्त नगरीय इन्दौर के समक्ष प्रस्तुत किया गया। उक्त प्रकरणों की जांच एवं विचारण उपरांत पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह द्वारा उक्त बदमाश

1. अनीष उर्फ जोजो खान ( 06 माह) 2. सूरज जगधने ( 06 माह)

3. साहिल सावे ( 06 माह) को निर्धारित अवधि के लिए जिला इंदौर (नगरीय एवं देहात) एवं उससे लगे सीमावर्ती जिलो की सीमाओं के लिये प्रतिबंधित करने हेतु जिलाबदर आदेश जारी किया गया है। इसके साथ ही आदतन बदमाशों की आपराधिक प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने के लिए, पुलिस कमिश्नर इंदौर द्वारा निम्न 02 बदमाशों को भी विभिन्न शर्तों के अधीन निर्बन्धन (थाना हाजरी) के आदेश जारी किये गये है -

1. बाबू उर्फ अनिल पिता राजू मेसराम उम्र 36 वर्ष निवासी कुलकर्णी भट्टा थाना परदेशीपुरा इंदौर (अवधि - 06 माह)

2. मोनू पिता राधेश्याम जोशी उम्र 27 साल निवासी प्रजापत नगर थाना द्वारिकापुरी इंदौर (अवधि - 06 माह)

उक्त निर्बन्धन आदेश की शर्तो के तहत बदमाशों को-

• निर्धारित समय अवधि पर संबंधित थाने देना होगी हाजिरी।

* अवैधानिक गतिविधियों में नही रहेंगे संलिप्त।

* शहर में लोकशांति को भंग करने का नही करेंगे कोई कार्य, आदि प्रतिबंधात्मक शर्ते लगाई गई है।

बदमाशो द्वारा उक्त निर्बन्धन आदेश की शर्तो का यदि उल्लंघन किया जाता है तो उसके विरुद्ध उचित वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। उक्त प्रकरणों पर शासन की ओर से पैरवी एडीपीओ श्री शिवभान सिंह द्वारा की गई।

# ग्राम पंचायत चोरल में नालियों पर बने अतिक्रमण को हटाने के लिए तहसील कार्यालय से पुलिस प्रशासन को बल भेजने के दिए आदेश

## ..अवैध गुमटी पर बनी दुकान पर खोल दिया भाजपा कार्यालय, पुलिस बल नहीं मिलने की वजह से पंचायत नहीं कर पा रही करवाई!

महू। ग्राम चोरल में सर्वे नम्बर 127 में स्थित नाली पर यहां के लोगों ने अवैध अतिक्रमण नाली बंद कर दी। जिसकी वजह से गंदगी का अंबार बढ़ रहा है, कोई बरसात की वजह से नलिया चौक हो रही है। साथी यातायात प्रभावित भी होता है। इन अवैध अतिक्रमणों को लेकर ग्राम पंचायत चोरल ने 15 अवैध अतिक्रमणकर्ता को नोटिस थमाए थे। बावजूद इसके एक भी अतिक्रमणकर्ता ने अपने अवैध अतिक्रमण नहीं हटाए। इस अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए किसी तरह की विवाद की स्थिति नहीं बने, इसको लेकर ग्राम पंचायत सरपंच अशोक सैनी ने अतिक्रमण हटाने के लिए पुलिस बल की मांग की थी। साथ ही पुनः नाली खुदवाई के लिए ग्राम पंचायत चोरल ने आवेदन दिया है। जिसके संबंध में हल्का पटवारी मौका निरीक्षण किया गया। हल्का पटवारी द्वारा विवाद की स्थिती उत्पन्न होने की अंशका जताई है। अतः उक्त कार्यवाही के लिए मौके पर 30 जून 2025 को मौका स्थल पर उपयुक्त पुलिस बल उपलब्ध कराने के लिए करले से लेटर जारी किया गया।

## अतिक्रमण टूटने के डर से खोल दिया भाजपा कार्यालय

ग्राम पंचायत चोरल में कांग्रेस से समर्थित सरपंच अशोक सैनी है। जिसको लेकर यहां के भाजपा नेताओं ने अतिक्रमण करने वाले दुकान पर भाजपा कार्यालय के बौर्ड टांग दिए। जिसमें विधायक सुश्री उषा ठाकुर का फोटो भी चस्पा है। इसी के डर से स्थानीय प्रशासन व पुलिस बल अतिक्रमण को हटाने के लिए पीछे हट रहा है। सरपंच अशोक सैनी ने बताया कि स्थानीय तहसील कार्यालय से अतिक्रमण को हटाने के लिए पुलिस बल के मौजूद होने के आदेश जारी हैं। इसके बाद भी पुलिस प्रशासन भाजपा के डर के कारण अतिक्रमण तोड़ने में पंचायत का सहयोग नहीं कर रहा है। नालियों पर बने इन अतिक्रमणों की वजह से नालियां जाम हो गई है, बारिश का पानी सड़कों पर बहने लगा है। जिसकी वजह से यहां का यातायात भी प्रभावित होता है। लेकिन इस तरफ पुलिस प्रशासन द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।




दैनिक रणजीत टाइम्स

जिला एवं तहसील स्तर पर एजेंसी देना है

अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें।

सम्पर्क करें

8224951278 :: 9827068888

जन्मदिन की अग्रिम शुभ सूचना

"रंजीत टाइम्स" में अब आप अपने या अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क प्रकाशित करवा सकते हैं!

बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो

2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।

भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278

रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा!
अपने जज़बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ।
टीम रंजीत टाइम्स- "आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज़"

रणजीत टाइम्स